तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 1334 आवेदन

4




## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा आज, परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से पहुंचना होगा

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) का आयोजन 3 मई रविवार को किया जाएगा। परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रातः 11 बजे से रिपोर्ट करना होगा, जबकि केंद्र में अंतिम प्रवेश का समय दोपहर 1:30 बजे निर्धारित किया गया है। 1:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही परीक्षा केंद्र पर दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, एक पोस्टकार्ड साइज फोटो तथा एक वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर आईडी मूल रूप में लाना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेनड्राइव, हैंडबैग, पर्स, खाने-पीने की सामग्री, बेल्ट, आभूषण सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक या धातु की वस्तु ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 8 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर बैच में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जो छात्र राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनसे अब 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### वेदांता पावर प्लांट हादसा मामले में 5 मई तक होंगे साक्ष्य प्रस्तुत

**जांजगीर-चांपा।** जिला सक्ती के तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम सिंघीतरई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड में 14 अप्रैल को हुए हादसा तथा श्रमिकों की मृत्यु से जुड़े पहलुओं की जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डभरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस घटना से संबंधित किसी भी प्रकार के साक्ष्य, दस्तावेज या जानकारी 5 मई तक कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डभरा के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। आमजन एवं संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

मशीनों से दिन-रात नदियों का सीना कर रहे छलनी, पड़ोस के जिलों तक सप्लाई

# कहीं और ना हो जाए 'गोलीकांड' करही की तरह कई रेत घाटों में वर्चस्व की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के बढते कारोबार ने व्यवायिक प्रतिद्वंदता के साथ आपसी रंजिश को भी बढ़ा दिया है। सक्ती जिले के करही गांव में व्यसायी एवं रेत कारोबारी की घर घुसकर गोली मारकर हत्या की घटना के बाद करही रेत घाट में उत्खनन और परिवहन का काम बंद हो गया है, लेकिन क्षेत्र के दर्जनों रेत घाट में यह कारोबार धडल्ले से हो रहा है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश जगहों पर बाहरी एवं स्थानीय लोगों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ रंजिश भी बढती जा रही है। ऐसे में ना जाने कब कहां कोई बड़ी वारदात हो जाए कहा नहीं जा सकता।

जांजगीर चांपा और सक्ती जिले में रेत का अवैध उत्खन और परिवहन धडल्ले से हो रहा है। यहां महानदी, हसदेव, बोराई, सोन नदियों में रेत का उत्खनन लगातार होता है। खास करके महानदी और हसदेव में तो अधिकांश जगहों पर माफिया हावी है। स्थिति यह है कि जांजगीर और सक्ती जिले की जीवनदायिनी नदियों का सीना छलनी करने वाले माफिया ना केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि यहां से 100-150 मीटर दूर सराईपाली, बसना, महासमुंद, रायगढ़, खरसिया, सारंगढ़, बिलासपुर तक रेत की सप्लाई कर रहे है। खास बात यह है कि अवैध रूप से गुलजार रेत घाटों में अब व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ आपसी रंजिश भी बढ़ते जा रहा है। बताया जाता है कि एक ओर जहां बाहर से माफिया इस कारोबार में लिप्त है तो वहीं दूसरी ओर उनके अंडर में अपने ट्रैक्टर और वर्कर लगाने वाले स्थानीय लोग भी फायदे को देखते हुए जेसीबी और हाइवा लेकर अपना बिजनेस शुरू करने लगे। ऐसे में व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ रंजिश भी बढ़ते जा रहा है। करही गांव में पिछले सप्ताह हुई गोलीकांड में मृतक के पिता और ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष यही बात कई बार दोहराई थी। उन्होंने इस पूरे घटना को रेत के कारोबार से जोड़कर बताया था। हालांकि गोलीकांड की घटना के बाद करही रेत घाट में बीते सप्ताह भर से विरानी छाई हुई है, लेकिन यहां से लगे देवरीमठ, डोटमा, बरेकेल, किकिरदा, बसंतपुर घाट में रेत का उत्खनन और परिवहन फिर से जोर पकडने लगा है।



इस तरह से सीना छलनी कर रहे निकाल रहे रेत।

### नदी किनारे गांवों में चैन माउंटेन, जेसीबी, हाइवा और ट्रैक्टरों की भरमार

रेत के अवैध कारोबार को लेकर मशीनरी सामानों की संख्या भी नदी के तटीय इलाके के गांवों में बढने लगी है। जिले के पामगढ़, शिवरीनारायण, बम्हनीडीह, बिर्रा के अलावा सक्ती जिले के हसौद, डभरा और चंद्रपुर क्षेत्र के नदी से लगे गांवों में अधिकांश लोगों ने बड़ी संख्या में जेसीबी मशीनें खरीदी है। इसके साथ ही दिगर जिलों में सप्लाई करने वालों ने हाइवा भी लिया है। जिसके माध्यम से यह कारोबार बड़ी आसानी से हो रहा है।

### राखड़ व रेत का गजब कनेक्शन

जांजगीर व सक्ती जिले में चल रहे रेत के अवैध परिवहन में राखड़ सप्लाई का गजब कनेक्शन है। इस कारोबार से जुड़े सूत्रों की माने तो रायगढ़ व पडोसी जिला सक्ती में संचालित उद्योगों से फ्लाई एश (राखड़) लेकर रात में दर्जनों हाइवा इस क्षेत्र में आती है। यहां जहां तहां राखड़ डंप करने के बाद यह गाड़ी सीधे रेत खदान पहुंच जाती है और वापसी में रेत लेकर अपने गंतव्य को निकल जाती है। ऐसे में एक बार आने जाने में दो बार का भाडा बनता है। कुछ यही कनेक्शन गिट्टी और रेत सप्लाई के बीच भी बनता है।

### कर रहे कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में लगातार कार्रवाई की जा रही है, जहां भी सूचना मिलती है। मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। मशीने भी जब्त करते है। टीम को और अलर्ट किया जाएगा।

-हिलेन्द्र स्वर्णपाल,
जिला खनिज अधिकारी, जांजगीर चांपा

# बोलेरो में गौ तस्करी, वाहन छोड़कर तस्कर फरार


## खरसिया रोड पर गौ सेवकों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से गौ तस्करी की शिकायत आ रही है। बीती रात्रि बोलेरो वाहन से गौ तस्करी की जा रही थी। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने खरसिया रोड पर बोलेरो वाहन को पकड़ा। इस दौरान तस्कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन मालिक की पतासाजी की जा रही है।

क्षेत्र में लगातार गौ तस्करी की घटना सामने आ रही है। बाहर से आकर गौ तस्कर बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में गौ तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। शुक्रवार की रात्रि लगभग 12 बजे बोलेरो वाहन क्रमांक सी जी 15, बी 3075 से 7 गाय को भर कर ले जाया जा रहा था। तभी भद्री स्थित गोपाल गौ सेवा समिति को इसकी सूचना मिली। समिति के सदस्यों ने खरसिया रोड से आ रही बोलेरो वाहन का पीछा कर घेराबंदी करते पकड़ा, लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर दो गौ तस्कर और वाहन चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गए। बोलेरो वाहन में पीछे की सीट को निकाल कर 7 गाय को ठूंस-ठूंसकर पैरों को बांधकर भर दिया गया था। गौ सेवकों ने तत्काल इसकी सूचना फागुरम चौकी प्रभारी को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के द्वारा सभी गायों और वाहन को चौकी लाया गया जहां गौ माताओ गौ सेवकों के यहां सुपुर्दनामा में सौंपा गया है। साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए तस्करों एवं वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है। गौ तस्करी को रोकने में गोपाल गौ सेवा समिति के सदस्य विजय चंद्रा, राजा चौहान, राजा चंद्रा, छोटु साहू, ईश्वर दास बैरागी, दुर्गेश साहु, धनेश साहु, अजीत यादव महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस संबंध में फागुरम चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वाहन मालिक एवं तस्करों की पतासाजी की जा रही है।



बोलेरो में ठूंस-ठूंसकर भरे गाय।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



अस्पताल में जांच करने पहुंची पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के कोटमी-बघौद मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हुआ, जिसने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है।

■ डभरा थाना क्षेत्र के कोटमी-बघौद मुख्य मार्ग की घटना

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकोलजमोरा निवासी राजेंद्र पटेल (28 वर्ष) शुक्रवार 1 मई की शाम अपनी मोटरसाइकिल से कोटमी बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोटमी और बघौद के बीच एक ट्रैक्टर चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए युवक को प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डभरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही ट्रैक्टर चालक की पतासाजी की जा रही है।

### पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जब्त किए 14 लीटर अवैध शराब

**पामगढ़।** पुलिस ने एक आरोपी को 14 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा सूर्यप्रकाश मनहर उम्र 26 साल निवासी थाना मुलमुला के कब्जे से 13.860 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त लूना को बरामद किया। आरोपी के कब्जे से जब्त शराब की कीमत 28 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरूध्द धारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर 2 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, आरक्षक श्याम ओग्रे, भुवनेश्वर पटेल, सैनिक चंद्रशेखर प्रधान थाना पामगढ का योगदान रहा।



### अंधड़ से गिरा पेड़...



**जांजगीर-चांपा।** शनिवार 2 मई की शाम मौसम का मिजाज बदला। अंधड के साथ कुछ देर बारिश हुई। अंधड के चलते कुछ पेड़ गिरे और कई शाखाएं भी गिरी। इस दौरान शहर में विद्युत व्यवस्था घंटों तक बाधित रही।

### थाने में शिकायत दर्ज कराने में सुबह से हो गई शाम

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण थाने में एफआईआर कराने पहुंची महिला को सुबह से लेकर शाम तक का वक्त लग गया। इसके बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी। शाम को कोरे कागज पर शिकायत लेकर महिला को रवाना कर दिया गया। पिसौद की पूजा यादव का विवाह दो साल पहले शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरी में हुआ था। पूजा अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ प्रताडना का रिपोर्ट दर्ज कराने शनिवार 2 मई को सुबह 10 बजे शिवरीनारायण थाना पहुंची। दिन भर इंतजार करने के बाद भी उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। महिला ने काफी प्रयास किया, तब जाकर शाम करीब 5 बजे कोरे कागज पर शिकायत का आवेदन देकर उसे थाने से रवाना कर दिया गया।

# आईपीएल मैचों में सट्टा खिलाने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आईपीएल मैचों में एप के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रफ्फुल कुमार ठाकुर द्वारा आई.पी.एल के क्रिकेट मैचों में होने वाले सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। पुलिस ने भुपेन्द्र राठौर पिता सतीश राठौर उम्र 28 वर्ष को आई.पी.एल. सट्टा का अलग-अलग साईट बेटिंग एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करने तथा एप्प के माध्यम से क्यू-आर कोड जनरेट कर अलग अलग लोगों को व्हाट्सप के माध्यम से बांटकर सट्टा से रकम प्राप्त करने पर पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। प्रकरण में चंद्रेशकुमार राठौर पिता कृष्ण कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी नंदौर खुर्द एवं मुकेश अग्रवाल पिता स्वर्गीय गोविंद राम अग्रवाल उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 स्टेशन रोड सक्ती द्वारा आईडी खरीदकर खट्टा खेलाना पाया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाईल कीमती 30 हजार को जप्त कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा- 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पाये जाने से गिरफतार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



अभियान के दूसरे दिन पहुंचे प्रभारी मंत्री की बैठक लेकर अफसरों को दिए निर्देश

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का त्वरित करें निराकरण : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन द्वारा 1 मई से शुरू किए गए सुशासन तिहार के दूसरे दिन जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी का आगमन हुआ। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों के संचालन, प्राप्त आवेदनों के निराकरण, विभागीय समन्वय तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री चौधरी ने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का विभागवार वर्गीकरण कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जमीनी स्तर पर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश भी दिए। प्रभारी मंत्री ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्रुटि सुधार, नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए । उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अधिक लाभदायक एवं उन्नत फसलों के लिए प्रेरित करें तथा कृषि से संबंधित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाकर किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में सुशासन तिहार के तहत की जा रही तैयारियों, आयोजित शिविरों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की अद्यतन जानकारी दी। इस अवसर पर एसपी श्रीमती निवेदिता पाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बेठक में दिशा निर्देश जारी करते प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी।





Our Stars of JEE Session-II
RESULTS ही है, हमारी पहचान
ये सिर्फ रिजल्ट नहीं...
ACHARYA INSTITUTE
Ka statement hai
ADYA GUPTA 99.76 %ile PHY: 99.61 CHE: 99.76 MATH: 99.39
NATIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
PRASAN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
AIR 12770
AIR 12577
Cat.AIR 774
AIR 3813
AIR 6420
AIR 12665
हर मार्क के पीछे है Acharya का भरोसा
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.94 %ile PHY: 99.10 CHE: 94.26 MATH: 98.07
YASH CHANDANI 98.67 %ile PHY: 98.40 CHE: 97.43 MATH: 97.70
ADITI KRISMUCS 98.44 %ile PHY: 94.88 CHE: 99.01 MATH: 98.01
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87 MATH: 86.75
RAGHAV SINGH 97.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
SRIJAN SWARNAKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97 MATH: 92.01
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49 MATH: 86.79
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile PHY: 86.33 CHE: 96.33 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94 MATH: 67.66
ASTHA SONI 94.77 %ile PHY: 96.64 CHE: 91.81 MATH: 81.65
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile PHY: 91.88 CHE: 76.10 MATH: 95.29
MOKSHA TIWARI 92.90 %ile PHY: 90.52 CHE: 91.08 MATH: 92.37
OM VERMA 92.90 %ile PHY: 96.68 CHE: 92.96 MATH: 95.86
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13 MATH: 64.33
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile PHY: 87.87 CHE: 61.02 MATH: 96.52
99%+ 5 Students
98%+ 4 Students
95%+ 18 Students
36+ Students Advanced Qualified
Best "NEET" Results 2024
Best "NEET" Results 2025
ACHARYA KI SHRISHTI
छत्तीसगढ़ NEET TOPPER
710 / 720 STATE TOPPER
AIR 364
FIRST RANK IN CHHATTISGARH
PHY 180/180 CHE 175/180 ZOO 180/180 BOT 175/180
AIIMS BHOPAL
SHRISHTI GUPTA
3 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2550
705 / 720
PHY 180/180 CHE 180/180 ZOO 175/180 BOT 170/180
AIIMS HYDERABAD
GUNJAN MISHRA
2 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2575
663/720 ANANYA GUPTA JNM RAIPUR
647/720 AKSHAT JAISWAL GMC RAJNANDGON
644/720 SHUBH SHARMA GMC RAJNANDGON
640/720 ANISH DEWANGAN CIMS BILASPUR
630/720 SUBRAT JAISWAL GMC RAIGARH
617/720 SNEHA SINGH DEV JNM RAIPUR
564/720 JANHVI JAIN JNM RAIPUR
561/720 AADYA KAUSHIK JNM RAIPUR
533/720 ASHFIYA ALI CIMS BILASPUR
492/720 VIDYA JAHNVI GMC RANCHI
506/720 HITESH NISHAD RAJNANDGAON
492/720 KRISHNA DEWANGAN GMC RAIGARH
100+ Student Selected in Govt. College & Many More...
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ADMISSION OPEN 2026-27
11th-12th NEW BATCH 7th MAY
IIT-JEE DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) 7TH MAY
NEET DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) NEW BATCHS - 7th MAY & 18th MAY
FOUNDATION NEW BATCH (6TH TO 10TH) 8th MAY
SUMMER COURSE 8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM STARTING FROM MAY 1st WEEK 2026
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण में अनुशासनहीन आचरण पर सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** जनगणना 2027 के अंतर्गत 19 अप्रैल को तहसील पाली में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान गंभीर अनुशासनहीनता के मामले में सहायक शिक्षक एल.बी. श्री अश्वनी रात्रे को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रा.शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी. अश्वनी रात्रे प्रशिक्षण सत्र के दौरान शराब के सेवन की स्थिति में उपस्थित पाए गए, जिसके कारण प्रशिक्षण की कार्यवाही बाधित हुई। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत है तथा जनगणना अधिनियम के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त कृत्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के तहत अश्वनी रात्रे, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा. शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पाली, जिला कोरबा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

### कोरबा रेलवे स्टेशन को मिला पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र

**कोरबा।** भारतीय रेलवे की स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत परिकल्पना को साकार करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। मंडल के 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमे कोरबा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल यांत्रिक अभियंता के प्रभावी नेतृत्व में संभव हुई है। यह प्रमाणन अत्यंत सघन एवं चुनौतीपूर्ण ऑडिट प्रक्रिया के उपरांत प्रदान किया गया, जिसमें स्टेशनों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं पर्यावरण जागरूकता जैसे विभिन्न पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कोरबा सहित कुल 9 स्टेशनों को पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणाली के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडल पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय करते हुए इन स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता तथा प्रदूषण नियंत्रण के उच्च मानकों को रिकॉर्ड समय में लागू किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन एजेंसी द्वारा यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्रदान किया गया।

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत के लिए आगामी बैठक संपन्न

**कोरबा।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया है। जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/ जिला/ तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू किया गया है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में संबंधित पक्षकारों/ अधिवक्तागणों को सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### आकस्मिक दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजन को मिली आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कोरबा।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में जिले में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु के 6 प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा एवं पाली की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा कुल 24 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत नदी, तालाब, बांध, कुंआ, नहर, नाला या गड्ढे में डूबने, सर्पदंश, बिच्छू या अन्य विषैले जीवों के काटने, नाव दुर्घटना, आग, गैस सिलेंडर विस्फोट, खदान धंसने, लू (सन स्ट्रोक), आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, बाढ़ एवं विद्युत प्रवाह से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिस को चार लाख रूपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। अपर कलेक्टर ओंकार यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपी राम यादव के डूबने से मृत्यु होने, पुष्पेन्द्र सिंह एवं छतराम का सर्पदंश से मृत्यु होने और पवन सिंह धनुहार तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजनों को एवं गोवर्धन मरकाम की मृत्यु सर्पदंश से मृत्यु होने और मुन्ना लाल की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिजनों को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## तीन ट्रेलर सहित एक पे लोडर जब्त

# ओवरलोडिंग की आड़ में चोरी, 215 टन कोयला सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


जब्त जेसीबी वाहन।

एसईसीएल दीपका खदान में कोयला की ओवरलोडिंग कर कंपनी को चपत लगाने का मामला सामने आया है। सुरक्षा व्यवस्था में लगी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने जांच पड़ताल के दौरान तीन ट्रेलर व एक पेलाडर सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 215 टन कोयला जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

एसईसीएल की कोयला खदानों में ओवर लोडिंग के नाम पर कोयला चोरी की गतिविधियां काफी समय से चलती रही है। अधिकारियों की आंख में धूल झोंक कर कोल लिफ्टर और उनकी टीम निर्धारित आबंटित मात्र से ज्यादा कोयला की लोडिंग कर लेती है। सिस्टम से जुड़े कुछ लोगों की भूमिका भी ऐसे कार्यों को आसान करती है। जानकारी के अनुसार महावीर एजेंसी के द्वारा लगाए गए डीओ के नाम पर बड़ी गड़बड़ी की गई। दीपिका खदान के एक लोडिंग पॉइंट से कोल लिफ्टर व उनके लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से तीन ट्रेलर मे डीओ में तय मात्रा से अधिक कोयला की लोडिंग कर दी। कोयला की यह मात्रा लाखों में बताई गई। इस प्वाइंट से जब ये वाहन अगले वेस्टिनेशन के लिए रवाना किए गए तो वे-ब्रिज पर मात्रा के सही वजन की जाती है। यहां पर चौकसी के लिए व्यवस्थाएं की गई है। सीआईएसएफ की टीम मौके पर मौजूद थी। यहीं पर संबंधित तीन ट्रेलर में कोयला की ओवर लोडिंग का पता चला। फौरी तौर पर गाडियों के डीओ की जांच की गई तो जांच एजेंसी के कान खड़े हो गए। वाहनों में ओवरलोड कोयला होने के बारे में तत्काल संज्ञान लिया गया और सेल्स डिपार्टमेंट से लेकर प्रबंधन को अवगत कराया गया। सीआईएसएफ ने प्रारंभिक तौर पर एक लोडर सहित तीन ट्रेलर को अपने कब्जे में लिया। जिन लोगों की भूमिका थी उन्हें भी उठा लिया गया। इसके साथ ही औपचारिक लिखा-पढ़ी की गई और इसकी सूचना दीपका पुलिस को दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रकरण में कुल 6 लोगों की भूमिका स्पष्ट हुई है जिनमें रौनक गुप्ता, सरफराज खान उर्फ पम्मी, मुकेश चौधरी, सुजीत सिंह, मुबारक खान, अर्जुन बंसल शामिल हैं जिनके कब्जे से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 0792, ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 8288, सीजी 10 बीएवाय 8288, पेलोडर सीजी 07 सीएस 2199 को 215 टन कोयला सहित जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## ओपीएस व अन्य मांगों को लेकर मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा-पूर्व में ओपीएस सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर मुख्य अभियंता के समक्ष विद्युत कम्पनी के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ शाखा कोरबा-पूर्व द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान का प्रपत्र भी संलग्न है। संघ द्वारा आंदोलन को लेकर प्रबंधन पर कड़ा रोष व्याप्त करते हुए कहा गया है कि यदि इस बार हमारी इस ज्वलंत मांगो पर कोई भी निर्णय नही आता है तो आने वाले जून जुलाई माह में कंपनी को महासंघ द्वारा कड़े आंदोलनात्मक कार्यवाही के लिए तैयार रहना पड़ेगा। जिसका असर कंपनी द्वारा संचालित कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं मड़वा-तेंदुभाठा तीनों प्लांटों के साथ साथ पूरे प्रदेश में दिखाई देगी। ऐसी चेतावनी संघ द्वारा दिया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, उत्पादन के प्रदेश महामंत्री सुरेश साहू, जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा, महासंघ सदस्य पूर्णिमा साहू, संविदा मजदूर संघ सचिव एम.एम. पाण्डेय, कोरबा-पश्चिम शाखा अध्यक्ष केदारनाथ राठौर, हेतराम खूंटे, जी. पी. राजवाड़े, कोरबा-पूर्व शाखा अध्यक्ष श्यामसुंदर खूंटे, वितरण शाखा के सचिव यशवंत राठौर, सिद्धार्थ पांडेय, मनोज कुमार भारिया, चंद्रेश साहू, कमल किशोर राठौर, कोरबा-पूर्व सचिव संदीप राठौर, कोरबा-पश्चिम सचिव अमर सिंह राठौर इत्यादि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## योजनाओं का उठाएं लाभ और आवेदन देकर समस्याओं का कराएं निराकरण : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपते पटवारी।

**सौंपा गया ज्ञापन**

सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर ग्राम धनरास में मंत्री लखन लाल देवांगन को डिजिटल किसान किताब में पटवारियों के डीएससी से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की गई हैं और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भी जनता को योजनाओं का निरंतर लाभ मिल रहा है। ग्रामीण अपने क्षेत्र में लगे शिविरों में आसानी से आवेदन देकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कटघोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनरास में सुशासन तिहार के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी गाँव में अचानक पहुंचकर योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों को मुफ्त चावल, नल कनेक्शन, किसानों को सम्मान निधि तथा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास जैसी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा धान बोनस, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, रामलला दर्शन, सरस्वती साइकिल योजना और महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा रही है। 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले इस तिहार के प्रथम दिवस में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं। शिविर मेंप्राप्त कुल 332 आवेदनों में से 103 का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। कृषि, मत्स्य, समाज कल्याण, पंचायत, राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग द्वारा इस दौरान हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नित नई विकास योजनाएँ बनाई जा रही हैं और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी विभागों की उपस्थिति से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और उनका लाभ लेने में आसानी होती है। जनपद सदस्य श्रीमती झूल बाई गोविंद ने भी शिविर की सराहना की। इस दौरान हितग्राहियों को सौ दिन का रोजगार पूर्ण होने पर जॉब कार्ड, सात हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, तीन हितग्राहियों को केसीसी ऋण का चेक, ऋण पुस्तिका का वितरण, कृषि सिंचाई पंप, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन, मत्स्य पालन हेतु मछली जाल और आइस बॉक्स प्रदान किया गया।

## दो विभागों की आपसी खींचतान की भेंट चढ़ी लाखों की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा


वन विभाग द्वारा जब्त नीलगिरी लकड़ी।

राजस्व विभाग व वन विभाग की आपसी खींचतान के चलते लाखों रुपए कीमती नीलगिरी के लकड़ियों के चोरी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने काटे गए नीलगिरी के पेड़ों को जप्त कर वन विभाग को सूचना दी थी। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा परिवहन खर्च का बहाना बनाते हुए जप्त लकड़ियों को सुपुर्दनामा लेने से इंकार कर दिया गया। यही वजह है कि लाखों रुपए कीमती लकड़ी पर चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिया।

दो विभागों के आपसी खींचतान के चलते लाखों रुपए की कीमती नीलगिरी के लकड़ियों की चोरी का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चैतमा के आश्रित मोहल्ला भलुहामुंडा में 40 साल पूर्व संचालित जल ग्रहण मिशन के तहत लगभग एक हेक्टेयर में नीलगिरी का पौधा लगाया गया था जो बढ़कर पेड़ बन गए थे। 24 दिसंबर को ठेकेदार द्वारा लगभग 350 नीलगिरी के पेड़ों की कटाई करवायी गई थी जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा किए जाने के बाद राजस्व विभाग द्वारा मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए नीलगिरी पेड़ों का लट्ठा जप्त किया गया था। वन विभाग को सूचना देने के बाद जप्त लकड़ी को मौके पर ही छोड़ दिया गया। जिसके बाद वन विभाग ने यह कहते हुए सुपुर्दनामा लेने से मना कर दिया कि लकड़ी का परिवहन खर्च कौन देगा। इसी वजह से लाखों रुपए कीमती लकड़ी मौके पर ही पड़ी रही। हैरानी वाली बात यह है कि वर्तमान समय पर मौके पर एक भी लकड़ी नहीं है। चोरों ने लकड़ियों पर हाथ साफ कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि इतनी मात्रा में लकड़ी गायब होने का जिम्मेदार कौन है।

## पुरानी पेंशन व संविदा कर्मियों का नियमितीकरण बना आश्वासन का झुनझुना : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


आरसी चेट्टी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन की बहाली एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण आश्वासन का झुनझुना बन गया है। कर्मचारियों की एकता एवं आंदोलन की सफलता का दावा करने वाले इस मांग को लेकर फिर से आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। पुरानी पेंशन एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण अब सामूहिक एकता से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए सभी संगठनों को निस्वार्थ भाव से निर्णय तक एक होकर संघर्ष करना होगा।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी ने व्यक्त करते हुए कहा कि जनवरी 2004 से कार्यरत 7000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर लगातार अलग-अलग संगठन के माध्यम से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन कंपनी द्वारा तीन वर्षों से इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर निर्णय नहीं लेकर निर्णय को शासन के पलड़े में डाल दिया गया है जो बिल्कुल अनुचित है। छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को ही पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में कंपनी को सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है लेकिन राजनीतिक बदलाव के कारण यह मामला भी राजनीतिक रूप धारण कर चुका है। एक संगठन जो सत्ता के करीब है उसके प्रति भी पूरा विश्वास जता कर कर्मचारियों ने संघर्ष किया लेकिन 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद फिर वही राग व ढपली बजाई जा रही है। महासचिव आर सी चेट्टी ने कहा कि विद्युत कंपनी में कर्मचारियों का पंजीकृत ग्रेच्युटी एवं पेंशन ट्रस्ट 2001 से बना हुआ है और उसके माध्यम से लगभग 16 हजार पेंशनरों को पेंशन का भुगतान कंपनी की ओर से ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। कंपनी द्वारा संगठन की इस मांग पर 2004 के बाद लगातार बैठक उपरांत जो प्रस्ताव तैयार किया गया है उसके अनुसार कार्मिकों एवं कंपनी का अंशदान ट्रस्ट में जमा किए जाने की स्थिति में कंपनी प्रबंधन ने स्वीकार किया है कि सन 2060 तक कंपनी को कर्मचारियों के पेंशन भुगतान हेतु कोई आर्थिक भार नहीं आएगा लेकिन उसके बाद अगर भार आता भी है तो विद्युत टैरिफ में 5 पैसे की राशि टैरिफ में पेंशन मद हेतु लिया जाना प्रस्तावित है।

### बाइक में घुसा नाग किया गया रेस्क्यु

**कोरबा।** जिले में मौसम का मिज़ाज बदलते ही सांपों के निकलने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। अलग-अलग क्षेत्रों से सांप निकलने की सूचनाएं मिल रही हैं। जितेंद्र सारथी और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए कई स्थानों पर सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किए, ताजा मामले में एक जहरीला कोबरा सांप एक गाड़ी के अंदर घुस गया था, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी व सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

## जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच से होगी केसीसी लोन की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों के लोन स्वीकृति की जिम्मेदारी अब जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच को दे दी गई है। पूर्व में इसके लिए लोन प्रकरण को स्वीकृति हेतु बैंक के बिलासपुर मुख्यालय को भेजा जाना पड़ता था। जिससे स्वीकृति मिलने में देरी होने से कई किसानों को केसीसी लोन की स्वीकृति समय पर नहीं होने से नगद राशि और खाद बीज भी नहीं मिल पाते थे।

जिले में जिला सहकारी बैंक की 8 शाखा संचालित हैं। जिसमें 6 शाखा से ही किसानों के लेनदेन के कार्य होते हैं। शेष दो शाखाएं डिपॉजिट होती है। इन 6 शाखाओं के भरोसे सभी 60 समितियों के अंतर्गत आने वाले किसानों के लोन पत्रक स्वीकृत किए जाएंगे। पूर्व में इसके लिए बैंक के सभी ब्रांच प्रबंधकों को लोन पत्रक स्वीकृति के लिए बिलासपुर बैंक मुख्यालय भेजा जाता था। इस वर्ष से यह नई व्यवस्था लागू की गई है और इसके लिए अब समितियों के प्रबंधकों के उपर लोन प्रकरण तैयार करने के लिए किसानों के द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के साथ बोनी रकबा की रिपोर्ट भी तैयार कर बैंक प्रबंधन को प्रेषित करना होगा। महज 6 ब्रांचों से ही इतने अधिक किसानों के लोन पत्रक को तैयार करने में अब लंबा समय लगेगा। पिछले कुछ वर्षों में लोन लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ते आ रही है और लोन वितरण का लक्ष्य भी लगातार बढ़ रहा है। इसके लिए बैंक प्रबंधन धान खरीदी के दौरान लिंकिंग के माध्यम से इसकी वसूली होती है। इस वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष के दौरान 32 करोड़ लोन वितरण लक्ष्य का निर्धारित किया गया है। 1 अप्रैल से नए केसीसी लोन स्वीकृति के लिए स्थानीय ब्रांच में भेजे जाने के बाद लोन स्वीकृति में तेजी आ गई है। लोन स्वीकृति के लिए नई व्यवस्था लागू होने के बाद समिति प्रबंधकों के सामने अब काम का दबाव बढ़ गया है।

### पाण्डुलिपियों को खोजने सर्वेक्षण शुरू हुआ

**कोरबा।** जिले में व्यापक रूप से संचालित किये जा रहे ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत ऐतिहासिक महत्व की प्राचीन पाण्डुलिपियों को बचाने और डिजिटल संरक्षण करने खोज जारी हैं। इस कड़ी में 30 अप्रैल को ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह कोरबा जिले के पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम तुमान पहुंचे और ग्राम के बुजुर्गजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व राजपरिवार के वंशजों से मुलाकात कर ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के महत्व और उद्देश्यों को बताया।

## आयुक्त ने किया मकान सूचीकरण कार्य का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर, एम.पी.नगर आदि क्षेत्रों में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किये जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुये त्रुटिरहित मकान सूचीकरण कार्य किये जाने के निर्देश उन्हें दिये। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, अतः इसमें किसी प्रकार की त्रुटि गुंजाईश नहीं होनी चाहिये, इस मौके पर पार्षद अशोक चावलानी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव सहित प्रगणकगण व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डिजिटल जनगणना 2027 के तहत डिजिटल जनगणना का कार्य किया जा रहा है, इसके प्रथम चरण में 16 से 30 अप्रैल तक नागरिकों द्वारा की जाने वाली स्व-गणना के लिये समय निर्धारित था, तत्पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य करते हुये प्रत्येक मकान के विवरण को दर्ज किये जाने का कार्य 1 मई से प्रारंभ कर दिया गया है।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में हिमांशु ने अर्जित किया 97 प्रतिशत अंक



**बिर्रा।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा निवासी हिमांशु कश्यप पिता रामखेलावन कश्यप ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 97.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप टेन में स्थान बनाया हैं। हिमांशु ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर प्रयास आवासीय विद्यालय परिवार रायपुर ने प्रसन्नता जाहिर करते हिमांशु के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग के शिव पात्रे बने प्रदेश अध्यक्ष



**पामगढ़।** केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान नदीम भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सरकार द्वारा शिव पात्रे को प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान भारत सरकार छत्तीसगढ़ इकाई नियुक्त किया गया है। शिव पात्रे के प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनोनयन पर अंचल में हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्यक्त करने वाले में विनेश कुमार मनहर राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान नई दिल्ली, मनोज खरे कानूनी सलाहकार केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान छत्तीसगढ़ इकाई, दिनेश थवाईत, अनिल कुमार राय, सुखदेव श्रीवास, गिरधारी लाल यादव, परमेश्वर शांडिल्य, मीना साहू ,मनीष साहू, रंजना ठाकुर, संजना ठाकुर, नीतू सिंह ठाकुर, भारत भूषण बंजारे, सतीश सूर्या, संतोष खरे, कांति दिव्या, केशव दिव्य, दीपक भारद्वाज, सुरेंद्र कश्यप, विजय खांडेकर, मुन्ना जांगड़े, भोजराम, ओंकार, कोमल ब्रह्मभट्ट, दिनेश खरे, शिवराज सायटोंडे, सत्या प्रकाश दिवाकर, दिनेश बंजारे, धनेश भारद्वाज, निर्मला बंजारे, आशा, शारदा केशी, इंद्रजीत केशी, सुनील राजहंस, ओंकार पाटले, रामचरण मधुकर, राजा शोभिनी भट्ट, अंजू सोनी दुर्गेश नोनिया शामिल है।

## बोर्ड परीक्षा में साक्षी कश्यप ने प्राप्त किया 97.16 प्रतिशत अंक



**तालदेवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेमरिया की छात्रा साक्षी कश्यप ने 97.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। वर्तमान में वे नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय, बिलासपुर की छात्रा हैं। साक्षी की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। साक्षी के पिता कृष्ण कुमार कश्यप व्याख्याता हैं। इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बोर्ड परीक्षा में महात्मा ज्योतिबा राव फुले स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**डोंगाकोहरौद।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगाकोहरौद का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं (कला संकाय) में 33 में से 28 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 12 प्रथम एवं 16 द्वितीय श्रेणी में रहे। 2 विद्यार्थियों को पूरक तथा 3 (1 अनुपस्थित सहित) अनुत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण प्रतिशत 84 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं (जीवविज्ञान) में 19 में से 17 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 13 प्रथम एवं 4 द्वितीय श्रेणी में रहे, तथा उत्तीर्ण प्रतिशत 89 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के टॉपर्स में रीता पटेल (87 प्रतिशत), साहिल बंजारे (82 प्रतिशत) एवं दीक्षा कौशिक (81 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 12वीं में रूचि कश्यप 79 प्रतिशत, काजल पठारे 77 प्रतिशत, करन कुमार साहू 76 प्रतिशत (कला) तथा श्वेता पटेल 82 प्रतिशत , कलेश्वरी पटेल 76 प्रतिशत, शिवम पटेल 76 प्रतिशत (विज्ञान) ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में विद्यालय परिवार, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकों का सराहनीय सहयोग रहा है।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में अंशिका अग्रवाल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**चांपा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा डागा कॉलोनी बरपाली चौक चांपा निवासी अंशिका अग्रवाल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अंशिका श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सुपौत्री है। अंशिका के इस उपलब्ध पर परिवार के सदस्यों के साथ स्कूल-प्रबंधन ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता का श्रेय अंशिका ने अपने मम्मी-पापा अजय मधु ऐरन अग्रवाल एवं दादा-दादी तथा स्कूल के सभी शिक्षकों को दिया है।

**निधन**

### श्रीमती प्रमिला पांडेय



**अकलतरा।** ग्राम खोंड के प्रतिष्ठित नागरिक शिक्षक लक्ष्मीनारायण पांडेय की धर्मपत्नी शिक्षिका श्रीमती प्रमिला पांडेय का 1 मई को 49 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार 2 मई को ग्राम खोड़ के मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम संस्कार में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम सरखों में शिविर आयोजित, जनप्रतिनिधियों,कलेक्टर एवं अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 1334 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवर 2 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम सरखों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस क्लस्टर में सरखों, करमंदी, तेन्दूभांठा, खोखसा, सिवनी, पाली, कन्हाईबंद, बोड़सरा, मरकाडीह, हाथीटिकरा, बनारी, खोखरा, पुटपुरा, पेण्ड्री (जां.), धाराशिव (खो.), मेहदा, सेवई, कुटरा एवं कुथुर ग्राम पंचायतें शामिल रहीं।

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1334 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1265 मांग एवं 69 शिकायत से संबंधित है। इस अवसर पर विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, शैलेन्द्र पांडेय, अमर सुल्तानिया, इंजीनियर रवि पांडेय, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित हो । उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा नागरिक अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि शासन-प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है और नागरिकों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प कोर्ट लगाकर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा एवं मॉनिटरिंग स्वयं करने की बात कही। जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।



शिविर में हितग्राहियों को चॉबी सौंपते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य अतिथि।

## प्रगणक और सुपरवाइजर गांव-गांव पहुंचकर कर रहे मकान की सूची तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

तहसील क्षेत्र बम्हनीडीह में डिजिटल जनगणना का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से शुरू हो गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का काम तेजी से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में तहसील स्तर पर जनगणना को प्राथमिकता देते हुए फील्ड में अमला सक्रिय है। प्रगणक और सुपरवाइजर लगातार गांव गांव पहुंचकर मकान सूचीकरण, सत्यापन और डाटा एंट्री का कार्य कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा हर घंटे प्रगति की समीक्षा की जा रही है ताकि किसी भी क्षेत्र मे कार्य प्रभावित न हो। शुरुवाती चरण में ही कई ब्लॉक में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना प्रशासन की सक्रियता और कर्मचारियों की मेहनत को दर्शाता है। तहसील प्रशासन ने नागरिकों से सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की है। ग्राम बोरसी के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 66 में प्रगणक नवधा चंद्रा द्वारा पूरा मकान सूचीकरण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस उपलब्धि को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। प्रशासन ने इसे बेहतर कार्य संस्कृति का उदाहरण बताया है। जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर के निर्देशन और तहसीलदार शशिभूषण सोनी के नेतृत्व मे पूरा अभियान संचालित हो रहा है। राजस्व अमला लगातार क्षेत्र भ्रमण, समीक्षा बैठक और फील्ड मार्गदर्शन देकर जनगणना कार्य को आगे बढा रहा है।

**निर्जन ग्राम का भी नियमानुसार सत्यापन**–हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 74 के स्थलीय निरीक्षण में क्षेत्र वीरान पाया गया, जहां कोई आवासीय इकाई मौजूद नही मिली। इसके बाद नियमानुसार उस ब्लॉक मे भी 100 प्रतिशत प्रविष्टि पूर्ण की गई। इससे स्पष्ट है कि हर क्षेत्र का तथ्यात्मक सत्यापन किया जा रहा है।

**शून्य प्रगति पर सख्ती**–जनगणना कार्य की निगरानी के लिए घंटेवार अपडेट प्रणाली लागू किया गया है। सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोजाना प्रगति दर्ज करें और किसी भी एचएलबी में शून्य प्रगति न रहे। इससे कार्य मे गति और पारदर्शिता बनी हुई है।

## सेवानिवृत्ति पर बीईओ ने प्रधान पाठक का किया सम्मान



**अकलतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधियारी पाठ अकलतरा के प्रधान पाठक छेदीलाल शर्मा के सेवानिवृत्ति पर कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी अकलतरा द्वारा सम्मान शाल एवं श्रीफल से विधिवत सम्मानित किए गए। इस अवसर पर बीईओ देवकांत द्विवेदी द्वारा उन्हें जीपीओ एवं पीपीओ प्रदान करते हुए समस्त शासकीय स्वत्त्व के भुगतान एकमुश्त 5 दिनों के भीतर करने की घोषणा की। इस अवसर पर छेदीलाल शर्मा ने कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित उनकी टीम में काम करने वाले समस्त सदस्यों के कार्यों की सराहना क करते हुए आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एबीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह, श्रीमती स्वाति राठौर, लिपीक मनोज यादव, देवेंद्र देवांगन श्रीनिवास राव, उपेंद्र जांगड़े,अविनाश खंडेल, श्रीमती रामीन बाई , श्रीमती उर्मिला बाई ,जहीर खान एवं विकासखंड शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्रमिक दिवस पर फेडरेशन ने किया 25 श्रमवीरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला ईकाई सक्ती के तत्वाधान में 1 मई शुक्रवार श्रमिक दिवस का आयोजन 4.30 बजे सियान सदन सक्ती में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद शक्ति अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले 25 श्रम वीरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर परस्वच्छता दीदी - दिलबाई, घर में झाडू पोछा करने वाली - गीता बाई महंत, गन्ना रस - फुलबाई यादव, रसोईया - गुणवती सोनी, राजमिस्त्री- लाला भट्ट, पेंटर - दीपक देवांगन, कुम्हार - ईश्वर कुम्हार, कारपेंटर-मोहनलाल पटेल, लोहार - संतोष कुमार विश्वकर्मा, धोबी- सुनील बरेठ, स्वच्छता प्रमुख - प्रकाश सिंदूर, कारपेंटर रूपेश गोंड़, फलवाला - विनोद कुमार सोनकर, सम्मानित साथी – शेखर अग्रवाल, वेल्डर – अब्दुल वसीम खान, बुक बाईंडर - दयालूराम पटेल, वेदांत का कर्मचारी रमेश निराला चंद्रिका यादव विजय कुमार सोनवानी तथा कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने के लिए संरक्षक विजय बहादुर सिंह एवं फेडरेशन तहसील शक्ति संयोजक मनोज राठौर को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने श्रमिकों को आश्वासन दिए कि उनके कार्यकाल में किसी भी श्रमिक के खिलाफ ज्यादती नहीं होगी। नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने सभी श्रमिकों को आश्वासन देते हुए कहा कि कसी भी श्रमिक को किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता हुई तो वह सदैव तत्पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शक्ति संयोजक ने मंच संचालन किया। अंत में अग्रसेन चौक के पास वेदांता के घटित घटना से दिवंगत हुए श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्रीमती पार्वती खूंटे, राधेश्याम साहू, विजयबहादुर सिंह, लक्ष्मी सोनी (सामाजिक कार्यकर्ता), खगेशकुमार पटेल, गुरुप्रसाद जायसवाल, मनोज कुमार राठौर, विकास चौबे, चन्द्रिकाप्रसाद डनसेना, एम लता निराला ,गायत्री देवी महंत ,पेंशनर मुरली तंबोली, क्रांतिकारी शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विजय कुमार खुटे ,प्राचार्य बी एस बनाफर, तिजराम खूंटे, अलख राम साहू, देवेंद्र कुमार वर्मा, गुरु प्रसाद जायसवाल, कैलाश कुर्रे जया यादव झूल बाई यादव श्याम लाल देवांगन, राजमिस्त्री लाल भट्ट उपस्थित थे।



कार्यक्रम में श्रमवीरों को सम्मानित करते अतिथि।

## जिले की टॉपर खुशबू के घर पहुंचे नपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और शिक्षक



**चांपा।** कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 96.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर खुशबू देवांगन ने टॉप-10 में 10वां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने चांपा नगर ही नहीं, बल्कि पूरे जांजगीर-चांपा जिले का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि टॉप-10 में स्थान बनाने वाली वे जिले की एकमात्र छात्रा हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने खुशबू देवांगन और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में खुशबू ने जो मुकाम हासिल किया है, वह जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य अश्वनी कश्यप सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। साथ ही पार्षद अशोक देवांगन, सलीम मेमन, मंगल चंद देवांगन, वासुदेव देवांगन सहित गणमान्य नागरिकों ने भी खुशबू को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खुशबू देवांगन ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन को देते हुए बताया कि वह प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्होंने कहा कि वे आगे चलकर हैंडलूम से जुड़कर व्यवसाय करना चाहती हैं।

# शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हसौद का परीक्षा परिणाम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद की 12वीं आई टी की छात्रा डुनीशा साहू ने राज्य टॉप 10 लिस्ट में 96.4 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है।

गौरतलब हो कि डुनीशा कक्षा-9वीं से आईटी विषय की छात्रा रही है तथा शुरू से होनहार रही है। राज्य स्तर पर टॉप टेन की लिस्ट में आने से विद्यालय के शिक्षकों, छात्रा के निवास स्थान हसौद परिक्षेत्र के लोगों में हर्षोल्लास छा गया है। डुनीशा ने अपनी सफलता का श्रेय स्वयं की मेहनत, अपने शिक्षकों की प्रेरणा तथा माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। इसी क्रम में कक्षा 12वीं के ही आई टी विषय के छात्र अर्पित ज्वाला ने 93.4 प्रतिशत, मानवी मधुकर ने 89.8 प्रतिशत, प्रेरणा बंजारे ने 82 प्रतिशत, पुष्पा साहू ने 81.2 प्रतिशत, कोमलांगी नवनीत ने 76.6 प्रतिशत, तरुण साहू ने 76.4 प्रतिशत लाया है। वही कक्षा 10वीं आईटी की छात्रा रिद्धि खुराना ने 84 प्रतिशत, अमित कुमार बंजारे ने 83.8 प्रतिशत, साक्षी साहू ने 77.6 प्रतिशत, लक्की साहू ने 77 प्रतिशत, सुहाना महिलांगे ने 75.1 प्रतिशत, विशाल साहू ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं हेल्थ केयर की छात्रा नंदिता यादव ने 82.2 प्रतिशत, विनीता खट्टर्जी ने 79.6 प्रतिशत, कविता साहू ने 77 प्रतिशत तथा दसवीं हेल्थ केयर की छात्रा उषा पटेल ने 84.8 प्रतिशत, पूनम साहू ने 84 प्रतिशत, संध्या साहू ने 83.6 प्रतिशत तथा भूमिका कहरा ने 86.6 प्रतिशत लाया है। स्कूल के बच्चों के द्वारा अच्छे प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होने पर प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी, आईटी शिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे,वरिष्ठ व्याख्याता योगेश कुमार साहू, राजकुमार प्रजापति, हेमलाल चंद्रा, गीताराम खूंटे, हेल्थ केयर शिक्षक शालिनी सोनवानी, दीपक कुमार पटेल तथा डॉ जितेंद्र पटेल ने सभी बच्चों की शानदार सफलता पर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



## बोर्ड परीक्षा में डेस्टिनेशन स्कूल के 28 बच्चे फर्स्ट डिवीजन से पास

**जांजगीर-चांपा।** डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के बच्चों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 40 बच्चो में से 28 बच्चो ने फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण किया, जिसमें अवनी उपाध्याय पिता राकेश उपाध्याय ने 93.3 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान और पलक तिवारी पिता दुर्गेश तिवारी ने 92.16 दूसरा स्थान प्राप्त किया । अदिति साहू 90 प्रतिशत और दिशा कश्यप ने 90 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्र छात्राओं में अक्षय चंद्रा 87 प्रतिशत, वैभव देवांगन 86 प्रतिशत, चाहत सिंह 85 प्रतिशत, चोलप्पा 84 प्रतिशत, खुशी पाण्डेय 83 प्रतिशत, जागृति साहू 82 प्रतिशत, अर्ची सोनी 82 प्रतिशत, एंजल सिंह बेस 80 प्रतिशत, गरिमा पूरी 80 प्रतिशत, डॉली रामटेके 77 प्रतिशत, रक्षा यादव 77 प्रतिशत, नमन गौरहा 75 प्रतिशत, आस्था सिंह 73 प्रतिशत, दीपाली राठौर 73 प्रतिशत, लक्ष्य बरेठ 72.5 प्रतिशत, अंशिका सोनी 70 प्रतिशत, श्रेया सूर्यवंशी 67 प्रतिशत, लिमेश साहू 66.16 प्रतिशत, पूजा कश्यप 65.5 प्रतिशत, सृष्टि राठौर 65.3 प्रतिशत, आर्यन यादव 65 प्रतिशत, जान्हवी सिंह 63.6 प्रतिशत, पलक सिंह 63.1 प्रतिशत, विक्रमादित्य 62.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।



# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के बोर्ड परीक्षा परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों की बेहतर प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय अपितु अपने माता-पिता और नगर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कक्षा 12वीं में विद्यार्थी खिलेश कश्यप 91. 2 प्रतिशत प्रथम स्थान, लक्ष्मी लता श्रीवास 79.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान, मेघा कश्यप 78.4 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। कक्षा दसवीं में लक्ष्य केशेरवानी 88.66 प्रतिशत कक्षा में प्रथम स्थान, एकता मानिकपुरी 85.66 प्रतिशत द्वितीय स्थान, रविंद्र देवांगन 84.33 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा आठवीं में दुर्गेश साहू 91.5 प्रतिशत प्रथम स्थान, युवराज कश्यप 90.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान, योगेंद्र देवांगन 87.5 प्रतिशत कक्षा में तृतीय स्थान एवं कक्षा पांचवी में विद्यालय में उसी साहू 95.3 प्रतिशत प्रथम स्थान, जागृति के शरवानी 93.3 प्रतिशत द्वितीय स्थान, शुभम कुमार कश्यप 92.3 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यह सभी बच्चों के कठिन मेहनत और परिश्रम का ही फल है बच्चे वर्ष भर मेहनत करते हैं कि हमारा परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट हो। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार प्राचार्य, आचार्यों ने बच्चों के घर पहुंच कर मिठाईयां खिलाकर पूरे परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बोर्ड परीक्षा में ज्ञान भारती के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025- 26 का परिणाम घोषित किया गया जिसमें ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा 10 वीं हिन्दी माध्यम से खुशी राठौर 91 प्रतिशत, सिमरन खूंटे 84 प्रतिशत, सिमरन साहू 82.6 प्रतिशत, निहारिका सिंह 79.1 प्रतिशत, लव कुमार 73 प्रतिशत , निधि साहू 72.6 प्रतिशत , कृष कुमार साहू 71.8 प्रतिशत, यूनिशा भारद्वाज 70.3 प्रतिशत, अभिषेक बरेठ 68.8 प्रतिशत किया। कक्षा 12 वीं हिन्दी माध्यम में घनश्याम चन्द्रा 83 प्रतिशत, दिपांशी वारे 76.8 प्रतिशत, दिपेश यादव 73.6 प्रतिशत, तमन्ना पाटले 73.2 प्रतिशत, अभय कुमार कौशिक 71.2 प्रतिशत एवं शिवराम पटेल 69.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं अंग्रेजी माध्यम से झांसी चन्द्रा 90.6 प्रतिशत, पिया जायसवाल 83.6 प्रतिशत, भूमि साहू 70.5 प्रतिशत, रुद्र प्रताप बिंद 69 प्रतिशत, श्रीजल सिंह राठौर 66.6 प्रतिशत, राधा कुमारी भारद्वाज 62.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं अंग्रेजी माध्यम से विनायक चतुर्वेदी 69.2 प्रतिशत, नागेश कुमार बरेठ 67.2 प्रतिशत, अनुराग डहरिया 66.8 प्रतिशत, श्वेता यादव 62.8 प्रतिशत एवं हिमेश कुमार साहू 61.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा अन्य विद्यार्थी भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है । संस्था के संचालक डॉ. आर.सी. पाण्डेय ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रगति के लिए बेहतर प्रयास और परिश्रम करते रहने का संदेश दिया है। प्रबंधक देवेन्द्र राठौर ने कहा कि अच्छे परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था और पालकों के सहयोग को है। वरिष्ठ शिक्षक आर के जैन, श्रीमती सीमा कश्यप,विजय देवांगन, चंद्रशेखर देवांगन, गणेश राम जांगड़े, नवीन डहरिया, गीतेश राठौर, सुमन्त पटेल तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।



बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

